# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

**(चौदहवां सत्र)**

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न**

## मंगलवार, 14 मार्च, 2017/ 23 फाल्गुन, 1938 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - उद्योग मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री ].**

**कुल प्रश्न - 30**

----

**स्टोन क्रेशर**

***3792 श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत एक वर्ष से दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक सरकार द्वारा इन्दौरा विधान सभा निवार्चन क्षेत्र में कितने नये स्टोन क्रेशर लगाने की अनुमति प्रदान की गई; ब्यौरा नाम व पते सहित दें?

----

**पशु औषधालय**

***3793 श्री खूब राम (आनी):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने पशु औषधालय स्वीकृत हैं;

(ख) इनमें विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत हैं तथा कितने रिक्त हैं, इनको भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; और

(ग) कितने औषधालय निजी भवनों में चल रहे हैं; इनके भवन निर्माण हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं; ब्यौरा दें?

----

## लोक निर्माण मण्डल नगरोटा

***3794 श्री पवन काजल (कांगड़ा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि नगरोटा में लोक निर्माण मण्डल कार्यालय की स्थापना कर दी गई है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार 10% भाग जो नगरोटा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र का लोक निर्माण मण्डल कांगड़ा में है; उसे नगरोटा मण्डल में सम्मिलित करने का विचार रखती है?

----

## आई0टी0आई0 संस्थान गरनोटा

***3795 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि वर्ष 2016 में भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत आई० टी०आई० गरनोटा को मॉडर्न आई0टी0आई0 का दर्ज़ा दिया गया है;

(ख) यह भी सत्य है कि यहां पर पुराने ही ट्रेड चल रहे हैं; यदि हां, तो सरकार कब तक नए ट्रेड चलाने का विचार रखती है; और

(ग) इस आई0टी0आई0 के भवन निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## सड़कों को पास करना

***3796 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार पटटा-जोहड़जी-सुआ-ढकरियाणा, वेरघट-कैन्था-गुनाई, घरेड-पटटा व जतरोग-पंजली-पटटा को कब तक पास करने का विचार रखती है; और

(ख) इन सड़कों पर कब तक बस सेवा उपलब्ध करवाई जाएगी?

----

## आई0टी0आई0 भद्रकाली

***3797 श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गगरेट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत गांव भद्रकाली में स्थित सरकारी आई० टी० आई० के नाम कितनी जमीन है; और

(ख) इस आई0टी0आई0 का क्या अपना भवन है; यदि नहीं, तो सरकार इसके भवन निर्माण हेतु धनराशि का प्रावधान कब तक करेगी; ब्यौरा दें?

----

## राष्ट्रीय उच्च-मार्ग

*3798 **श्री गुलाब सिंह ठाकुर(जोगिन्द्रनगर) :**
**श्री रणधीर शर्मा(श्री नैना देवीजी) :**
**श्री रविन्द्र सिंह(देहरा) :**
**श्री सुरेश कुमार(पच्छाद) :**
**श्री वीरेन्द्र कंवर(कुटलैहड़) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत वर्ष केन्द्रीय भूतल परिवहन मन्त्री द्वारा प्रदेश में कितने फोरलेन व राष्ट्रीय उच्च-मार्गों के निर्माण की घोषणा की गई; ब्यौरा जिलावार दें तथा कितने मार्गों की केन्द्र से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है;

(ख) इनमें से किन-किन मार्गों की DPRs बनकर तैयार हो गई हैं; इनका विभाग द्वारा निर्माण कार्य कब शुरू कर दिया जाएगा और शेष बचे मार्गों की DPRs कब तक तैयार कर दी जाएगी; और

(ग) केन्द्र सरकार द्वारा क्या प्रदेश सरकार को नए घोषित राष्ट्रीय उच्च-मार्गों की DPRs बनाने हेतु धनराशि उपलब्ध करवाई है; यदि हां, तो कितनी व इसकी अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें; और

(घ) इन मार्गों में क्या जिला मण्डी का कोटली से जोगिन्द्रनगर मार्ग भी सम्मिलित है?

----

## Surgani Sundla Project

*3799 **Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state that:-

(a) what is the latest position of 48MW Surgani Sundla HEP; and

(b) by when the work of this project is expected to start?

----

## सामग्री की खरीद

***3800 डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन)ः**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत चार वर्षों में हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम की वर्कशॉपों में उपयोग होने वाले स्पेयर पाट्र्स-टूल्स-डीज़ल-टायर्स व अन्य सामान किस-किस प्रक्रिया द्वारा खरीदा गया तथा किस-किस कम्पनी से खरीदा गया; ब्यौरा डिपोवार दें; और

(ख) यह सत्य हैं कि नाहन में निगम की वर्कशॉप बदहाली में है; यदि हां, तो इसके रख-रखाव हेतु विभाग क्या पग उठा रहा है; ब्यौरा दें?

----

## Power Producing Companies

***3801 Sh. B.K. Chauhan (Chamba):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that various Power producing companies in the District of Chamba have contributed Rs.8,82,21,195/- under LADA for the years 2011-12, 2012-13 and 2013-14;

(b) whether these funds are annually being contributed for the development of the Local Areas by Independent Power producers involved in operation of 24 Hydro Electric projects on River Ravi in District Chamba; and

(c) if yes, how much funds have been utilised, so far, by the authorities; details of development works executed through this fund sector-wise in the District be given?

----

## Exemption From Tax

***3802 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Excise & Taxation Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that Hotels and Guest Houses constructed after 2012 in Lahaul & Spiti have been exempted from Luxury & Excise tax; and

(b) if yes, whether the Department proposes to exempt the other Hotels and Guest Houses constructed before 2012 as Tribal Areas of North East and Ladakh is already exempted?

----

## सड़कों का निर्माण

***3803 श्री जय राम ठाकुर (सिराज़):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत चार वर्षों में सिराज़ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग द्वारा कितनी सड़कों का निर्माण किया गया; ब्यौरा इन निर्मित सड़कों के नाम, लंबाई व व्यय की गई धनराशि सहित दें?

----

## कृषि उत्पादों पर कर

***3804 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) जिला चम्बा में कृषि एवं बागवानी उत्पादों को मंडियों तक पहुंचाने के लिए कहां-कहां पर कर देना पड़ता है; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार की कौन सी एजेंसी इस कर को निर्धारित करती है; ब्यौरा फसलवार दें?

----

## भवन निर्माण

***3805 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि पशुपालन डिस्पेंसरी काईस के भवन निर्माण हेतु धनराशि का प्रावधान किया गया है; और

(ख) यदि हां, तो भवन निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## विभिन्न योजनाएं

***3806 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत 4 वर्षों में सरकाघाट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग द्वारा कौन-कौन सी योजनाएं विधायक प्राथमिकता में डाली गई;

(ख) इनमें से किस-किस योजना को नाबार्ड से मंजूरी मिल गई है; कौन-कौन सी लम्बित है; और

(ग) इनमें से कौन सी योजनाएं ऐसी हैं जिनको नाबार्ड को अभी तक भेजा नहीं गया है; ब्यौरा सड़कों की योजनाएं न भेजने के कारणों सहित दें?

----

## बस स्टैंड बैजनाथ

*3807 **श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि वर्ष 2007 में बैजनाथ बस अड्डे का शिलान्यास किया गया था; और

(ख) यदि हां, तो दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक कार्य प्रारम्भ न करने के क्या कारण रहे; निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा?

----

## स्वीकृत धनराशि

*3808 **श्री गोविन्द राम शर्मा (अर्की):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) इस वित्तीय वर्ष में दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक अर्की विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बुघार के भवन निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; और

(ख) इसमें से कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा दें?

----

## निदेशक मण्डल का गठन

*3809 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **आबकारी एवं कराधान मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) सरकार द्वारा क्या एच0पी0बी0एल0 (The Himachal Pradesh Beverages Ltd.) के निदेशक मण्डल का गठन कर लिया गया है; यदि हां, तो कब; इसके अध्यक्ष एवं सदस्य कौन-कौन हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार इसके गठन से कहां तक शराब के व्यापार को नियमित करने एवं अवैध व्यापार व अन्तर्राज्यीय तस्करी रोकने में सफल हुई; ब्यौरा दें?

----

## स्वीकृत सड़कें

***3810 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि कुल्लू मण्डल-I के अन्तर्गत सम्पर्क मार्गों लिंगर वम्सू, गांव जनाहल, सम्पर्क मार्ग गांव चेएटा एवं सम्पर्क मार्ग धारा बरशोगी की स्वीकृति हेतु मामला सरकार को भेजा है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह स्वीकृति पश्चात नोडल ऑफिस में प्राप्त हो चुकी है; ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार इन सम्पर्क मार्गों की अन्तिम स्वीकृति तथा FCA Clearance प्राप्त करने हेतु कब तक केन्द्र सरकार को भेजने का विचार रखती है?

----

## प्रधानमन्त्री ग्राम सड़क योजना

***3811 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितनी सड़कों का प्रधानमन्त्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत निर्माण किया गया है; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ख) इन सड़कों की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## पदपूर्ति

***3812 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लोक निर्माण मण्डल चौपाल व उप-मण्डल सैन्ज में कनिष्ठ अभियन्ता एवं अन्य कर्मचारियों के कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार इन पदों को कब तक भरने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## आपराधिक मामले

*3813 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत तीन वर्षों में जिला चम्बा में कितने आपराधिक मामले दर्ज़ किए गए तथा थाना चुवाड़ी और सिहुंता चौकी का ब्यौरा अलग से दें;

(ख) इनमें से कितने मामलों में कार्रवाई की गई, कितने लम्बित हैं तथा कितने अपराधियों को सजा दी गई; ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार क्या सिहुंता चौकी का उन्नयन करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

----

## वन विभाग की मंजूरी

*3814 **श्री राम कुमार (दून):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला के भवन निर्माण हेतु वन विभाग का अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त नहीं हुआ है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस हेतु क्या पग उठाए गए हैं; ब्यौरा दें?

----

## हमीरपुर-सुजानपुर-थुरल-ठाकुरद्वारा सड़क

*3815 **श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि हमीरपुर-सुजानपुर-थुरल-ठाकुरद्वारा (मारण्डा) राज्य उच्च-मार्ग को मरम्मत एवं रख-रखाव हेतु आऊटसोर्सिंग योजना के अंतर्गत निजी कम्पनी/ठेकेदार को आवंटित कर दिया है; और

(ख) यदि हां, तो इस योजना के नियम/शर्तों की प्रति सभा पटल पर रखें?

----

## प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना

*3816 **श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की कौन-कौन सी योजनाओं को

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में डाला गया है और उनमें क्या-क्या कार्य किए जाने प्रस्तावित हैं; ब्यौरा योजनावार दें?

----

## Construction of Buddhist Institute

***3817 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that Government of India has sanctioned 40 Crores for construction of Buddhist Institute near Tabo; and

(b) if yes, what is the latest position; details be given ?

----

## Promotion of Employees

***3818 Sh. Virender Kanwar (Kutlehar):**

Will the **Food, Civil Supplies & Consumer Affairs Minister** be pleased to state that:-

(a) during the last 4 years how many officers/officials of different categories have been promoted by the H.R.T.C. in District Una; names and designation be given; and

(b) what was the mode of promotion for each case, whether any promotion has been made out of turn; if yes, reasons thereof?

----

## सड़क का रख-रखाव

***3819 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि कटरांईं, खारूनाला से लिंगटी, सेऊ, दुआड़ा फोजल नाले से होकर डोहलु नाला सड़क कितनी लम्बी है और इसके रख-रखाव/मरम्मत की अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## पर्यटन को बढ़ावा

***3820 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार द्वारा प्रदेश में बेरोजगारों को पर्यटन के साथ जोड़ने हेतु क्या पग उठाए जा रहे हैं;

(ख) चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कियांगी, चंडी, पुखरी, मनी दुलाहर, हिमगिरी एवं बैरागढ़ क्षेत्रों को पर्यटन की दृष्टि से बढ़ावा देने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें; और

(ग) इस वर्ष साच-पास पर कितने पर्यटकों ने भ्रमण किया तथा सरकार क्या रानीकोट या डिंड में पर्यटन निगम का होटल बनाने का विचार रखती है?

----

## गौ-सदन

***3821 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि माननीय उच्च न्यायालय ने प्रदेश सरकार को प्रत्येक ग्राम पंचायत में गौ-सदन खोलने के आदेश दिए हैं; और

(ख) यदि हां, तो किन-किन ग्राम पंचायतों में गौ-सदन खोले गए हैं; ब्यौरा दें?

----

**शिमला: 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांक: 25 फरवरी, 2017.** **सचिव।**